Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

an>

Title: Need to run a daily train between Nanded and Pune, Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, नांदेड से पुणे के बीच सप्ताह में दो दिन रेल सेवा चल रही थी जिसे सप्ताह में अब एक बार कर दिया है, मराठावाड से पुणे जाने वाली यह एक ही गाड़ी है रेल सेवा के न होने से लोगों को बसों में ही जाना पड़ता है। परभनी एवं नांदेड से औरंगाबाद, जालना एवं पूणे के बीच दो सौ बसें चल रही हैं। जानकारी में आया है कि बस ऑपरेटरों एवं डी आर एम नांदेड़ के बीच गुप्त समझौता हुआ है जिससे नांदेड एवं पुणे के बीच रेल सेवा को सप्ताह में एक बार चलाने का निर्णय डी.आर.एम ने किया है। नांदेड एवं पुणे के बीच रेल सेवा के पर्याप्त न होने पर लोगों को बस से यात्रा करनी पड़ेगी। अगर यह सेवा रोजाना चले भी तो लाभदायक रहेगी। क्योंकि इन मार्गो पर यात्रियों की संख्या ज्यादा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि नांदेड़ एवं पुणे के बीच सप्ताह में एक दिन चलने वाली रेल सेवा को रोजाना चलाया जाये।